**E 6758** (Pages : 3) Reg. No..................................

Name......................................

# B.A./B.Sc. (MODEL I) DEGREE (C.B.C.S.S.) EXAMINATION, NOVEMBER 2013

## First Semester

Additional Language—Hindi

PROSE AND ONE ACT PLAY

(2013 Admissions)

Time : Three Hours Maximum : 80 Marks

### Part A

*एक या दो वाक्यों में **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

1 *mark for each question.*

1. द्विवेदीजी के अनुसार पतित देशों का पुनरुत्थान किसने किया ?
2. सर्व समष्टि के प्रतिरूप इस बाह्य जगत् में संस्थाओं का आधार धारण करते है ? यह किंसका विचार है ?
3. हिमालय साक्षात् देवभूमी है । क्यों ?
4. परंपरागत सौन्दर्यशास्त्र में किस प्रकार के सौन्दर्य पर जोर दिया जाता है ?
5. राजा पृथु ने हिमालय को क्या बनाया था ?
6. चिराग से बाहर निकलनेवाले जिन का रंग रूप कैसा था ?
7. किसके संकेत पर भीम ने दुर्योधन की जंघा पर गदा से प्रहार किया ?
8. मदनमोहन ने किसके लिए विज्ञापन दिया था ?
9. वसंत ऋतु नाटक में युवक को क्यों शक होता है कि वह आदमी नहीं शेयर मार्कट का भाव है ?
10. 'आप न बदलेंगे' एकांकी का विषय क्या है ?

(10 × 1 = 10)

### Part B

*किन्हीं **आठ** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

2 *marks for each question.*

11. दिनकर जी की राय में देश का हर व्यक्ति जवाहरलाल होने का परिणाम क्या है ?
12. द्विवेदी जी किस आधार पर साहित्य को मस्तिष्क का खाद्य कहते है ?
13. हिमालय साक्षात् देवभूमी क्यों बन गयी है ?

Turn over

14. समाज के लिए किसकी जरूरत है ?

15. नये सौन्दर्य शास्त्र में त्वचा पर जोर देने का परिणाम क्यों भयावह हो जाता है ?

16. प्राचीन भारत की वर्णाश्रम व्यवस्था क्या थी ?

17. अखबारी विज्ञापन एकांकी की नायिका दुर्गा का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

18. 'आप न बदलेंगे' एकांकी के विषय का विश्लेषण कीजिए ।

19. सुयोधन को भीम ने गदा युद्ध में कैसे पराजित किया ?

20. वसंत ऋतु नाटक में जज़ साबह धर्मेन्द्र और वासन्ती के विवाह का पहले विरोध क्यों करते है ?

21. जिन नीता के लिए क्या-क्या करते थे ?

22. द्रोण, कृप, भीष्म, अश्वत्थामा आदि अपने साथ लड़ने का कारण दुर्योधन ने क्या बताया ?

(8 × 2 = 16)

## Part C

*किन्हीं* **छः** *के उत्तर लिखिए ।*

4 *marks for each question.*

23. यह जीवन दर्शन केवल देवताओं के सेनानी कुमार को जन्म देता है, असुरों को शक्ति संहत करनेवाली अग्नि को न केवल जन्म देता है, बल्कि समस्त विद्याओं, कलाओं और संस्कृति की विभिन्न परम्पराओं को जन्म देता है ।
    (a) यह वाक्य किस पाठ से लिया गया है ?
    (b) लेखक कौन है ?
    (c) जीवन-दर्शनि क्या है ?
    (d) किस देश के जीवन-दर्शन के बारे में कहा गया है ?

24. जातियों की क्षमता और सजीवता यदि कहीं प्रत्यक्ष देखने को मिल सकती है, तो उनके साहित्य रूपी आइने ही में मिल सकती है ।—सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

25. साधन की महिमा समझनेवाला आदमी गलत राह से चलकर आगे आना नहीं चाहेगा और नेतृत्व का लोभ साधन की महिमा को कम करता है, इसमें सन्देह नहीं—सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

26. सौन्दर्य का उद्योग स्त्री को मारकर उसकी खाल को उतार कर बेचना है ।—सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

27. मैं चाहती हूँ मैं ... चाहती हूँ, मेरे पति मुझसे प्यार करें, चाव से बोलें । मेरे ही बच्चे मुझे प्यार दें ।—सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

28. हम तुम्हें दया करके छोड़ेंगे भी नहीं, और तुम्हारी भाँती अधर्म से हत्या कर बधिक भी न कहलायेंगे ।सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

29. जी हाँ, सच्चाई मालूम हो गई है । यह लीजिए पाँच रूपवती, गुणवती कन्याओं ने आप के घर की आजीवन नौकरी के लिए अर्जियाँ भेजी है—अपने-अपने फोटो के साथ ।

(a) एकांकी और एकांकीकार का नाम लिखिए ।

(b) यह किसने किससे कहा ?

(c) अर्थ स्पष्ट कीजिए ।

30. पश्चात्ताप तो तुम्हें होना चाहिए । मैं क्यों पश्चात्ताप करूँगा ? मैंने ऐसा कौन-सा पाप किया है ?

(a) एकांकी और एकांकीकार का नाम क्या है ?

(b) किसने किससे कब कहा और क्यों ?

31. जहाँ व्यक्ति का मूल्य नहीं, इसकी भावनाओं की इज़्ज़त नहीं, वहाँ उसे शादी का कोई मूल्य नहीं । सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

(6 × 4 = 24)

## Part D (Essay Type)

उत्तर लिखिए ।

15 *marks for each question.*

32. अख़बारी विज्ञापन एकांकी का सारांश लिखिए ।

**अथवा**

33. दुर्योधन का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

34. नेता नहीं : नागरिक चाहिए निबन्ध द्वारा रामाधारी सिंह दिनकर क्या व्यक्त करना चाहता है ?

**अथवा**

35. विज्ञापन और बाज़ार मूल्यों पर स्त्री की प्रस्तुति पर सुधीश पचौरी का दृष्टिकोण अपने पठित निबन्ध स्त्री जो महज त्वचा द्वारा प्रस्तुत कीजिए ।

(15 × 2 = 30)